कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पोखरैरा, मुजफ्फरपुर पिन–843106

हरि शंकर यादव
प्र०प्राचार्य

Website :- www.ptecpokhraira.co.in
E-mail :- ptec.pokhraira@gmail.com

सूचना

अनुबंध के आधार पर रात्री प्रहरी/सुरक्षा प्रहरी हेतु निविदा आमंत्रण की सूचना

उप सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार पटना द्वारा जारी अधिसूचना के ज्ञापांक–12/प्रा०शि०–89/2007–172 दिनांक 07.07.2020 के आलोक में प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, पोखरैरा, मुजफ्फरपुर के रख–रखाव एवं सुरक्षा हेतु रात्रि/सुरक्षा प्रहरी सुरक्षा एजेंसियों के माध्यम से अनुबंध पर चयनित करने हेतु निविदा निम्नांकित शर्तो के साथ आमंत्रित की जाती है–

1. महाविद्यालय की पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी रात्री प्रहरी/सुरक्षा प्रहरी की होगी ।
2. सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान संबंधित फार्म/एजेंसी को प्रति सुरक्षा प्रहरी निर्धारित दर के आधार पर सरकार से प्राप्त आवंटन के विरूद्ध किया जाएगा ।
3. सरकार द्वारा निर्धारित नियम अन्तर्गत संबंधित फार्म/एजेंसी को पसारा लाईसेंस, EPF निबंधन, ESIC निबंधन, सेवाकर निबंधन, श्रम निबंधन, ISO निबंधन एवं Work Performance से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन आदि संगत अभिलेखों की प्रति उक्त निविदा के साथ संलग्न की जाए, जो चयन की प्रक्रिया में सहायक होगा। उक्त संगत अभिलेखों के अभाव में आवेदन पर विचार नहीं किया जा सकता है।
4. सुरक्षा प्रहरी भारत वर्ष के निवासी होने चाहिए तथा संबंधित सुरक्षा प्रहरी का आधार कार्ड, परिचय पत्र एवं चरित्र प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी संबंधित फॉर्म/एजेंसी की होगी ।
5. सुरक्षा एजेंसी से अनुबंध मात्र 2 वर्षो का होगा। सेवा संतोषजनक रहने पर एक वर्ष की अवधि विस्तार की जा सकती है। कार्य संतोषजनक नहीं रहने पर बिना किसी पूर्व सूचना के एजेंसी का करार रद्द किये जाने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।
6. निविदा महाविद्यालय के निम्न पते पर निबंधित डाक द्वारा भेजा जा सकता है–
   प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, पोखरैरा, पोस्ट– गिद्धा, जिला– मुजफ्फरपुर, (बिहार) पिन कोड–843106
7. इस विज्ञापन को संस्थान के वेबसाईट www.ptecpokhraira.co.in पर भी देखा जा सकता है ।

पूर्व रूप से भरा हुआ निविदा को प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, पोखरैरा, मुजफ्फरपुर के पते पर निविदा प्रकाशित होने के तिथि से पचीस (25) दिनों के अन्दर प्राप्त हो जाना चाहिए। लिफाफे के उपर रात्रि प्रहरी/सुरक्षा प्रहरी हेतु निविदा लिखा होना चाहिए। निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि को अगले कार्य दिवस को 12 बजें दिन में उसे खोला जाएगा। निविदा को स्थगित या रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

6.1.2023

प्र०प्राचार्य,
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय,
पोखरैरा, मुजफ्फरपुर ।

414 / 6.1.23